बाम भाग सोभति अनुकूला । आदिसक्ति छबिनिधि जगमूला ॥
आदिसक्ति जेहिं जग उपजाया । सोउ अवतरिहि मोरि यह माया ॥
।। मानस राधाष्टक । रामकथा 925 - बरसाना, वृंदावन । मोरारी बापू ।।


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 101 | इंदौर, मंगलवार 17 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


कार्यकर्ताओं से नाथ बोले-

## जाकर दिग्विजय के कपड़े फाड़े, पूर्व CM के जवाब से बढ़ी कांग्रेस की टेंशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की पहली सूची के आने के बाद टिकट कटने से असंतोष और बगावत बढ़ गई है। इस बीच सोमवार को भाजपा से कांग्रेस में शामिल होने वाले वीरेंद्र रघुवंशी का टिकट कटने पर समर्थक पीसीसी चीफ कमलनाथ से मिलने पहुंचे। इसका वीडियो भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने शेयर करते हुए लिखा। इसमें कमलनाथ कह रहे है कि आप दिग्विजय सिंह और जयवर्धन के कपड़े फाड़िए। इस पर आशीष अग्रवाल ने लिखा कि अरे कमलनाथ जी आप तो कपड़े फड़वाने पर भी उतारू हो गए। खैर आप भी कर ही क्या सकते हैं जब पूरी कांग्रेस ही दो फाड़ हो गई है। वैसे शिवपुरी से आए वीरेंद्र रघुवंशी के समर्थकों की कमलनाथ जी से बातचीत का यह वीडियो देख दिग्विजय सिंह जी आप आपके सुपुत्र को पीड़ा तो जरूर होगी और बदला भी तगड़ा लेंगे! अब देखना दिलचस्प होगा कि कपड़े कौन किसके फाड़ेगा। इस पर कांग्रेस की तरफ से वीडियो के फेक होने की आशंका जताई है।

### दिग्विजय बोले-बड़े लोग धैर्य पूर्वक समाधान निकालें

हालांकि मंगलवार को पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जब परिवार बड़ा होता है तो सामूहिक सुख और सामूहिक द्वंद्व दोनों होते हैं। समझदारी यही कहती है कि बड़े लोग धैर्यपूर्वक समाधान निकालें। ईश्वर भी उन्हीं का साथ देते हैं जो मन और मेहनत का मेल रखते हैं। नर्मदे हर। इसे उन्होंने एमपी कांग्रेस, आईएनसी कांग्रेस, एमपी बीजेपी, बीजेपी इंडिया और कमलनाथ के सोशल मीडिया अकाउंट को भी टैग किया। इस ट्वीट पर कयास लगाए जा रहे है कि कांग्रेस में टिकट को लेकर सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। जब परिवार बड़ा होता है तो सामूहिक सुख और सामूहिक द्वंद्व दोनों होते हैं। समझदारी यही कहती है कि बड़े लोग धैर्यपूर्वक समाधान निकालें। ईश्वर भी उन्हीं का साथ देते हैं जो मन और मेहनत का मेल रखते हैं।

### कांग्रेस में बगावत ने बढ़ाई मुसीबत

प्रदेश कांग्रेस में टिकट कटने के बाद लगातार नेता पार्टी से बागी होकर दूसरी पार्टी में शामिल हो रहे है। वहीं, अपने नेता को टिकट नहीं मिलने पर कार्यकर्ता भी काम नहीं करने की चेतावनी दे चुके है। कांग्रेस के नागौद से बागी पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह को बसपा ने टिकट दे दिया है। कांग्रेस के धार से पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी ने इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अजय यादव और ग्वालियर कांग्रेस नेता केदार कंसाना ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह दोनों निर्दलीय चुनाव लड़ सकते है। उज्जैन के कांग्रेस नेता विवेक यादव आप में शामिल हो गए।

## बुधनी की ट्राइडेंट कंपनी में आयकर का छापा, 60 गाड़ियों में आईटी की टीम पहुंची

**सीहोर।** इनकम टैक्स के अधिकारियों ने मंगलवार सुबह सीहोर जिले के बुधनी में ट्राइडेंट कंपनी में छापा मारा है। कंपनी कैम्पस को जांच के लिए सील किया गया है। करीब 60 गाड़ियों में आईटी की टीम यहां पहुंची है। टीम ने कंपनी के दस्तावेजों को पड़ताल करने के लिए कब्जे में लेना शुरू किया है। ट्राइडेंट कंपनी में बनाए जाने वाले 75% प्रोडक्ट्स विदेश में एक्सपोर्ट किए जाते हैं। विभाग की टीम ने कंपनी को पूरी तरह से सील कर दिया है। अभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। सभी तरह के लेन देन और कंपनी द्वारा एक्सपोर्ट किए जाने वाले सामान का ब्योरा निकाला जा रहा है। अभी टीम द्वारा सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। ये बात सामने आई है कि करीब 75 प्रतिशत सामान कंपनी द्वारा विदेश में भेजा जाता है।

# तस्वीर हुई साफ, अब जीत के लिए जुगत बीजेपी-कांग्रेस के प्रत्याशी

◆ प्रत्याशियों की घोषणा के बाद दोनों ही दलों में बगावत और विरोध





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। विधानसभा चुनाव के लिए नवरात्रि के पहले दिन कांग्रेस ने 144 प्रत्याशियों की जंबो लिस्ट जारी कर दी। इससे पहले भाजपा चार बार में अपने 136 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। दोनों दलों के प्रत्याशियों की घोषणा के बाद कुछ जगहों पर प्रत्याशियों का विरोध किया जा रहा है, तो इसके चलते दोनों पार्टियों को डेमेज कंट्रोल का खतरा भी हैं। हालांकि इन दोनों के लिए यह अच्छी बात है कि अधिकांश जगहों पर प्रत्याशियों का कोई विरोध नहीं हो रहा है। इसके चलते वे अपनी-अपनी जीत के प्रति आशांवित हैं।

### ◆ बढ़ गई धड़कनें

कांग्रेस ने अभी 86 सीटें होल्ड पर रखी हैं। इनमें 22 पर कांग्रेस के विधायक हैं, जबकि 64 सीटें हारी हुई हैं। टिकट होल्ड होने से इन सीटों पर मौजूदा विधायकों और हारी हुई सीटों के दावेदारों की धड़कनें बढ़ गई। अगली सूची में भी 5-6 विधायकों के टिकट काटे जा सकते हैं।

### ◆ यहां चेहरे घोषित नहीं

प्रदेश की 7 सीटें ऐसी हैं जहां कांग्रेस और बीजेपी के उम्मीदवार तय नहीं हैं। दमोह, कोतमा, भोपाल दक्षिण, पश्चिम, ब्यावरा, सेंधवा, मनावर, बडऩगर में दोनों ही दलों के उम्मीदवार अब तक घोषित नहीं हुए हैं। दमोह सीट पर कांग्रेस के अजय टंडन उपचुनाव में विधायक बने थे। टंडन की सर्वे में स्थिति ठीक नहीं आई। उधर बीजेपी ने भी अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। इस सीट पर 1990 से बीजेपी के जयंत मलैया लगातार 6 बार विधायक रह चुके हैं।

### ◆ यहां पर फंसा है पेंच

भोपाल की दक्षिण-पश्चिम सीट पर कांग्रेस के पीसी शर्मा विधायक हैं। यहां से कांग्रेस और बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके संजीव सक्सेना दावेदारी कर रहे हैं। यहां से बीजेपी भी अपना प्रत्याशी तय नहीं कर पा रही है। ब्यावरा में विधायक रामचंद्र दांगी की रिपोर्ट भी सर्वे में संतोषजनक नहीं मिलने से टिकट होल्ड किया है। सेंधवा में मौजूदा विधायक ग्यारसी लाल रावत के खिलाफ एंटी इनकमबेंसी के कारण पार्टी दूसरे विकल्पों पर विचार कर रही है। मनावर सीट पर जयस के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. हीरालाल अलावा का टिकट होल्ड रखा है। जयस और कांग्रेस के बीच अभी सीटों का समझौता नहीं हो पाया है। बडऩगर के मौजूदा विधायक के बेटे का एक रेप केस में नाम सामने आने के बाद कांग्रेस यहां दूसरे नाम पर विचार कर रही है।

### ◆ 64 सीटों पर चेहरे घोषित नहीं

कांग्रेस ने अभी 64 हारी हुई सीटों को भी होल्ड पर रखा है। इनमें अंबाह, भिंड, ग्वालियर, गुना, बीना, खुरई, रहली, सागर, निवाड़ी, पन्ना, मैहर, रामपुर बघेलान, सिरमौर, सेमरिया, देवतालाब, रीवा, सीधी, देवसर, धौंहनी, ब्योहारी, जयसिंहनगर, मानपुर, विजय राघवगढ़, मुडवारा, बहोरीबंद, जबलपुर कैंट, पनागर, मंडला, वारासिवनी, आमला, सिवनी मालवा, होशंगाबाद, सोहागपुर, पिपरिया, भोजपुर, सांची, कुरवाई, सिरोंज, गोविंदपुरा, हुजूर, भोपाल दक्षिण-पश्चिम, इछावर, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, देवास, खातेगांव, बागली, हरसूद, खंडवा, नेपानगर, बुरहानपुर, धार, बदनावर, इंदौर-3, इंदौर-5, अंबेडकर नगर (महू), उज्जैन दक्षिण, रतलाम ग्रामीण, रतलाम सिटी, जावरा, मल्हारगढ़, गरोठ, नीमच, जावद में प्रत्याशी घोषित नहीं किए गए हैं।

### ◆ छिंदवाड़ा जिले में 6 सीटें होल्ड

छिंदवाड़ा जिले की सातों सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। कांग्रेस की पहली सूची में सिर्फ छिंदवाड़ा सीट से कमलनाथ को उम्मीदवार घोषित किया है। बाकी 6 सीटें होल्ड पर हैं। 3 सीटों पर कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूदा विधायकों से नाराज हैं। इसके अलावा मौजूदा विधायकों में एक भी महिला नहीं हैं। ऐसे में इस जिले में कुछ विधायकों के टिकट बदलकर महिलाओं को उतारा जा सकता है। छिंदवाड़ा जिले में जुन्नारदेव से सुनील उईके, अमरवाड़ा से कमलेश शाह, चौरई से सुजीत सिंह, सौंसर से विजय चौरे, परासिया से सोहन लाल बाल्मीक और पांढुर्णा से नीलेश उईके वर्तमान में विधायक हैं।

# आचार संहिता में 10 बजे मंदिर बन्द करने पर विहिप का विरोध 2 घण्टे बढ़ाए टाइम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के सबसे पुराने और सबसे प्राचीन मंदिर बिजासन पर पुलिस प्रशासन द्वारा कल बोर्ड लगाया गया जिसमें चुनाव आचार संहिता के चलते मंदिर के पट को 10:00 बजे बंद कर दिए जाएंगे सूचना के रूप में लगा दिया गया ।**

जैसे यह सूचना विश्व हिंदू परिषद को मिली तुरन्त इस मामले में जिला मंत्री अविनाश कौशल ने बताया कल रात में बिजासन माता मंदिर पर मन्दिर चुनाव आचार संहिता के चलते जल्दी पट बंद होने की सूचना का बैनर लगा देगा।

जबकि आचार संहिता राजनेताओं पर लागू होना चाहिये ना कि हिन्दू देवी देवताओं के ऊपर नवरात्रि के 9 दिन माँ की भक्ति के लिए इंदौर और आसपास से बड़ी संख्या में भक्त यह आपनी मनन मन्नन्त लेकर पहुँच थे कुछ लोगो कई किलोमीटर दूर से पैदल चलकर मन्दिर पहुँचते हैं ।अविनाश कौशल प्रशासन द्वारा लगाए गए बोर्ड की विरोध करते हुए पदाधिकारी से संपर्क किया चेतावनी दी की मंदिर के पट जल्द बंद कर दिए गए तो बजरंग दल सड़क पर उतरकर इसका विरोध करेगा इसके जिम्मेदार स्वयं पुलिस प्रशासन रहेगा।

इसके बाद पुलिस प्रशासन ने बोर्ड को वहां से हटा दिया साथ ही मंदिर समिति से चर्चा कर और संगठन के पदाधिकारी से संपर्क कर मंदिर के दर्शन के लिए 2 घंटे का टाइम और बढ़ा दिया गया ।

वहीं कुछ लोगों ने प्रशासन के लगाए गए बोर्ड कभी विरोध किया उन्हें कहा कि मंदिरों को जल्दी बंद कराया जा रहा है जबकि इंदौर शहर की दारू की दुकान करीब 12:00 बजे तक खुली रहती है उसे पर पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता।

## आचार संहिता में पुलिस का चेकिंग अभियान जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आचार संहिता लागू होते ही पुलिस - प्रशासन खासकर थाना क्षेत्र की सीमाओं पर सजग है, साथ ही लगातार वाहनों की चेकिंग अभियान जारी है। इसी के चलते नगदी सोना चांदी के साथ ही अब रिवाल्वर व जिंदा कारतूत भी पकड़ने में सफलता मिली है। आज सुबह औद्योगिक नगरी पीथमपुर किशनगंज थाना क्षेत्र के अंतिम छोर पर वाहनों की चेकिंग जारी थी, इस बीच कार क्रमांक एमपी 09 एचडी 7800 को रोक कर तलाशी ली तो उसमें से एक देशी पिस्टल व कारतूत बरामद हुआ। पुलिस कार चालक दीपक पिता लक्ष्मीनारायण रघुवंशी उम्र 28 साल निवासी इमलीपुरा सागौर जिला धार से पूछताछ की तो वो देशी पिस्टल को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया उसे गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## बजरंग दल के विरोध ओर चेतवानी के बाद शो हुआ रद्द

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र के टीआई मॉल में फैशन शो होने जा रहा था। जिसकी पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल होते ही बजरंग दल विभाग सयोजक प्रवीण दरेकर ने मामले हस्तक्षेप करते हुए तुरन्त ऊरढ को ज्ञापन सोपा गया और अवगत कराया गया कि नवरात्रि के प्रथम दिन शहर में इस प्रकार आयोजन नहीं सहन करेगा बजरंग दल जल्द रद्द कराए जाए। नही बजरंग दल अपनी कार्यशैली जबाव देगा ।

चेतवानी ओर हंगमा के चलते पुलिस प्रशासन फैशन शो आयोजक को संपर्क कर होने जा रहे शो पूरी तरह रद्द कर दिए गए । दरेकर ने बताया की माँ अहिल्या की नगरी में नवरात्रि का प्रथम दिन था और अश्लील ओर नाबालिक को फैशन शो कराए जो कि हिंदू संस्कृति के खिलाफ है। कल भी बजरंग दल कार्यकताओं ने फैशन शो स्थान पर जाकर निरीक्षण भी किया गए शो रद्द होने के बाद पुलिस प्रशासन का धन्यवाद भी दिया गया।

# प्रवाह में मैदान पर दिखा युवा डॉक्टर के बीच रोमांचक मुकाबला

◆ इंडेक्स मेडिकल कॉलेज,मालवांचल यूनिवर्सिटी में प्रवाह इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स मीट शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आमतौर पर चिकित्सा क्षेत्र में हर समय युवा डॉक्टर को पढ़ाई की चिंता में देखा जाता है। इंडेक्स क्रिकेट मैदान पर प्रदेश के कई एमबीबीएस के छात्र और युवा डॉक्टर्स क्रिकेटर्स की भूमिका में नजर आए है। इंडेक्स मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर,मालवांचल यूनिवर्सिटी द्वारा प्रवाह इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स मीट की शुरूआत हुई। इसमें क्रिकेट टूनार्मेंट,बॉस्केबॉल,टेबिल टेनिस जैसे कई प्रतियोगिताओं की शुरूआत की गई। इसमें इंदौर के इंडेक्स मेडिकल कॉलेज,श्री अरविंदो मेडिकल कॉलेज,देवास के अमलतास मेडिकल कॉलेज,एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज, उज्जैन के आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रवाह के शुभारंभ अवसर पर इंडेक्स समूह के चेयरमैन सुरेशसिंह भदौरिया,डायरेक्टर आर एस राणावत,मेडिकल कॉलेज डीन डॉ.जीएस पटेल,एडिशनल डायरेक्टर आर सी यादव,चिकित्सा अधीक्षक डॉ.स्वाति प्रशांत सहित विभागाध्यक्ष और अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर इंडेक्स समूह की तरफ से सभी टीमों को स्वागत किया गया। इसमें पहले दिन इंडेक्स मेडिकल कॉलेज इंदौर और आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज उज्जैन के बीच क्रिकेट मैच हुआ। एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज और श्री अरविंदो मेडिकल कॉलेज के बीच दूसरा मैच हुआ। मैदान पर प्रवाह स्पोर्ट्स मीट में कई डॉक्टर्स की टीमों के बीच दर्शकों को रोमांचक मैच देखने को मिले। स्पोर्ट्स मीट में क्रिकेट मैच के लिए अंपायर इंडेक्स क्रिकेट एकेडमी से अंजन हलदार, जयंत पटेल थे।

## लिट्रेचर फेस्टिवल में प्रवीण जोशी सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी में आयोजित लिट्रेचर फेस्टिवल में पत्रकार एवं लेखक प्रवीण जोशी को सम्मानित किया गया। आयोजन द ग्रेट इंडियन बुक टूर, जयपुर ने किया था। यह जानकारी संस्थापक प्रशांत गुप्ता ने दी। कवि विनोद पहिलाजानी, प्रोफेसर डॉ. शिप्रा जोशी और रत्नेश लिटोरिया ने प्रवीण जोशी को मेमोन्टो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. शुभ्रा कानूनगो, डॉ. शिल्पा जोशी विशेष रूप से उपस्थित थे।




©www.detectivegroupreport.com

# बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए दिलाई शपथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास डॉ. अमिताभ अवस्थी ने मध्यप्रदेश को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु जमीनी स्तर पर जागरूकता एवं संवदेनशीलता जागृत किये जाने हेतु 11 से 16 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी जिला बाल संरक्षण इकाईयों में बाल विवाह के विरूद्ध शपथ ग्रहण कराने को कहा है। संस्था आस व कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे बचपन बचाओ अभियान और बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर प्रदेश भर में जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहे हैं। भागीरथपुरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एकत्रित कर उनसे जुड़ी गर्भवती एवं धात्री माता के साथ ही किशोरी बालिकाओं को यह शपथ प्रभारी बाल विवाह विरोधी उड़नदस्ता महेंद्र पाठक और लाडो अभियान कोर ग्रुप सदस्य देवेंद्र कुमार पाठक ने आज सुबह दिलाई । उन्होंने महिला थाना पर भी आयोजित कार्यक्रम में शपथ दिलाई इसी तरह विभिन्न स्कूलों में भी शपथ दिलाने का आयोजन किया गया। बाल विवाह मुक्त भारत के साथ ही प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी जागरूकता के लिए नए युवा मतदाताओं के साथ ही महिला मतदाताओं को भी मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। देश के 300 जिलों में 300 संस्थाये एक साथ बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए आवाज उठा रही है। इंदौर शहर में यह कार्यक्रम लगभग 20 गांव व 25 समुदाय में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को इंदौर के लगभग 20 थानों में भी किया गया। जिसमें सभी पुलिसकर्मियों ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए शपथ ली। एडीएसीपी प्रियंका डोडवे ने महिला थाना पर शपथ दिलाई। महिला थाने में थाना प्रभारी प्रीति तिवारी एवं पुलिसकर्मी द्वारा बाल विवाह के संबंध में शपथ ली। रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ पुलिस के साथ मिलकर यात्रियों , कुली ने शपथ ली। अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विशेष पुलिस थाना से पुलिस कर्मी एवं अधिकारीयो ने बाल विवाह के संबंध में शपथ ली ।

## बंगाली समाज के शारदोत्सव की शुरूआत कल से

◆ गीत-संगीत और नाटक की प्रस्तुति देने के लिए बंगाल से आएंगे कलाकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इस बार भी बंगाली समाज शारदीय नवरात्रि महोत्सव को श्रध्दा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनायेगा। जिसकी तैयारियां बीते कई दिनों से चल रही है।यह जानकारी देते हुए श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा 2023 के अध्यक्ष जयंत नाथ चौधुरी, सचिव रवि नंदी ने बताया कि यह शारदोत्सव 95 है। उत्सव की शुरूआत, 18 अक्टूबर, बुधवार को दो दिवसीय आंनद मेले से होगी। पूजा का कार्यक्रम 20 अक्टूम्बर , शुक्रवार से होगा। दुर्गा पूजा के साथ स्कूली बच्चों के लिए रोजाना सुबह विभिन्न स्पधाएं होंगी,साथ में रात्रि को गीत संगीत और नाटक के कार्यक्रम होंगे । सांस्कृतिक कार्यक्रमें में प्रस्तुति देने के लिए बंगाल से कई कलाकार आएँगे। सभी कार्यक्रम कालीबाड़ी रोड नवलखा स्थित बंगाली स्कूल एंड क्लब परिसर में होंगे। प्रवेश द्वार स्वामी नारायण मन्दिर की तर्ज पर बनाया गया है जबकि परिसर में सुंदर पंडाल बनकर तैयार है। दोनों को बंगाल के कलाकारों ने अथक मेहनत से बनाया है। संस्था के कंवेनर रविशंकर रॉयचौधरी ने बताया कि 18 अक्टूम्बर , शुक्रवार को रात 8 बजे आंनद मेला का शुभारंभ होटल द पार्क के जनरल मैनेजर देवजीत बनर्जी करेंगे। बंगाल के रसोईये बंगाली व्यंजन बनायेंगे। जिसमें विशेष प्रकार के पकवान के कई स्टाल होंगे। पकवानों से सजे स्टाल होंगे।

# कांग्रेस की महिला सशक्तिकरण में कोई रुचि नहीं : विजयवर्गीय

## लाड़ली बहना योजना भी कम बजट का बहाना बनाकर बंद कर देगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जब मेरा टिकट फायनल हुआ तो बेटे आकाश ने पार्टी अध्यक्ष को पत्र लिखकर खुद को टिकट न देने की बात कही। यह बात मेरी जानकारी में भी नहीं थी। आकाश का यह कदम प्रशंसा योग्य है, क्योकि हमारी पार्टी परिवारवाद को बढ़ावा नहीं देती।

लाड़ली बहना योजना के भरोसे चुनाव में उतरी भाजपा ने इस योजना के मामले में कांग्रेस को घेरा है। इंदौर की एक नंबर विधानसभा सीट के उम्मीदवार कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस ने डेढ़ साल के शासनकाल में लाड़ली लक्ष्मी, कन्यादान योजना बंद कर थी। कांग्रेस की महिला सशक्तिकरण में कोई रुचि नहीं है। कांग्रेस को गलती से भी जनता ने वोट दे दिया तो वह लाड़ली बहना योजना भी कम बजट का बहाना बनाकर बंद कर देगी। विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने तेजी से विकास के काम किए है। कांग्रेस को गरीबों से कोई लेना देना नहीं है, उनके नेतागण तो सिर्फ कुर्सी से मोह रखते है। कांग्रेस की पहली सूची पर विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस ने बुझे हुए नेतागणों को टिकट दिया है। पूरी सूची फ्यूज बल्ब की माला है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने सीरियल में हनुमान का काम करने वाले एक्टर को उम्मीदवार बनाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम तो ओरिजनल हनुमान के भक्त है। जब विजयवर्गीय से पूछा गया कि चार नंबर विधानसभा से कांग्रेस ने जिन्हें उम्मीदवार बनाया गया है। वे पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए है। तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पाकिस्तान का प्रेम पहले से है। कमल नाथ खुद उद्योगपति है और उन्होंने चार नंबर में उद्योगपति को ही टिकट दिया है।



### बेटे आकाश ने पार्टी अध्यक्ष को पत्र लिखकर खुद को टिकट न देने की बात कही थी

कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जब मेरा टिकट फायनल हुआ तो मेरे बेटे आकाश ने पार्टी अध्यक्ष को पत्र लिखकर खुद को टिकट न देने की बात कही। यह बात मेरी जानकारी में भी नहीं थी। आकाश का यह कदम प्रशंसा योग्य है, क्योकि हमारी पार्टी परिवारवाद को बढ़ावा नहीं देती।हालांकि तीन नंबर क्षेत्र के भाजपा पार्षद और जनता चाहती है कि आकाश को फिर टिकट मिलना चाहिए। मध्यप्रदेश चुनाव में मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट किए बगैर चुनाव लड़ने की रणनीति पर उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में चुनाव हो रहे है। वहां भाजपा ने किसी भी नेता को मुख्यमंत्री के रुप में प्रोजेक्ट नहीं किया। सभी जगह संगठन और मोदी सरकार के विकास के नाम पर वोट मांगे जा रहे है। संगठन की इस रणनीति पर सवाल नहीं उठाए जा सकते है।

# सूर्य को जल चढ़ाने जा रही थी ताई, रस्सी फंसने से गिरी, सिर में लगी चोट

**इंदौर**। पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन इंदौर में घर में गिर गईं। उनके सिर में चोट आई है। 14 अक्टूबर को वे सूर्य को जल चढ़ाते वक्त गिर गई थीं। उनके पैर में रस्सी फंसने ये हादसा हुआ। उनकी हालत पहले से बेहतर है। गौरतलब है कि सुमित्रा महाजन अपने बेबाक बयानों के लिए जानी जाती हैं। वे कई बार अपनी ही पार्टी के खिलाफ भी मुखर हो चुकी हैं। चाहे चुनाव का मामला हो, परिवारवाद का मामला हो या विकास का, वे अपनी ही सरकार को घेरने में पीछे नहीं रहतीं।



कुछ महीनों पहले ही उन्होंने परिवारवाद पर पार्टी लाइन से अलग बयान दिया था। वो नेता पुत्रों-पुत्रियों को टिकट देने की वकालत करती नजर आईं। ताई के नाम से लोकप्रिय सुमित्रा महाजन का कहना है कि बेटे बेटी अगर योग्य हैं तो उन्हें टिकट जरूर मिलना चाहिए। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महाजन अपने बेटे मिलिंद को टिकट दिलाने के लिए लॉबिंग कर रही हैं। वे राऊ से अपने बेटे के लिए टिकट चाह रही हैं। उस वक्त उन्होंने कहा था कि मैं भी बीजेपी महासचिव रही हूं। चाहती तो अपने बेटे को उस समय टिकट दिला सकती थी। लेकिन, मैं शुरू से एक ही बात कहती हूं कि जो काबिल है, जो जीत सकता है, उसे टिकट देना चाहिए। उसे नकारना नहीं चाहिए। नेता पुत्र होने की वजह से टिकट नहीं कटना चाहिए। दूसरी बात ये भी है कि कोई जीतने लायक नहीं है। फिर भी नेता पुत्र होने के कारण उसे टिकट दे दिया जाए ये ठीक नहीं। कुछ महीनों पहले ही भोपाल-इंदौर के बीच शुरू हुई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को लेकर भी पूर्व लोकसभा स्पीकर महाजन ने सवाल उठाए थे। उन्होंने इसके लिए इंदौर के सांसद शंकर लालवानी और उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया को बधाई दी थी।

# एक बार फिर साथ साथ दिखे कैलाश और संजय शुक्ला

## इस बार तस्वीर कुछ अलग ही कह रही...



**इंदौर**। विधानसभा क्षेत्र 1 के उम्मीदवार भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और कांग्रेस उम्मीदवार संजय शुक्ला का अग्रसेन जयंती पर एक ही मंच पर आमना-सामना हुआ। पर इस बार तस्वीर कुछ और कह रही थी। रविवार को राजवाड़ा पर अग्रसेन महाराज जयंती के अवसर पर अग्रवाल केंद्रीय समिति के कार्यक्रम में एक बार फिर कैलाश विजयर्गीय और संजय शुक्ला साथ में थे लेकिन इस बार गोम्मटगिरी वाला सद्भाव नहीं था। दोनों ना गले मिले, ना संजय शुक्ला ने पैर छुए और ना ही एक-दूसरे से हंसकर स्वागत किया। इसके पहले गोम्मटिगरी पर दोनों ने हंसकर एक-दूसरे का स्वागत किया था और गले मिले थे, शुक्ला ने पैर भी छुए थे। टिकट घोषित होने के बाद इंदौर विधानसभा एक के कांग्रेस प्रत्याशी ने प्रेस कांफ्रेंस की और बीजेपी के प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय पर खुलकर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि विजयवर्गीय धनबल और बाहुबल का प्रयोग कर रहे हैं, चुनाव आयोग को ध्यान देना चाहिए। वह मोबाइल और सामग्री बांट रहे हैं। उनकी कमाई भ्रष्टाचार की है। वह अरबों-खरबों रुपए खर्च कर रह चुनाव जीतना चाहते हैं। मैं समाजसेवी हूं और विधानसभा का बेटा हूं, मैं चुनाव जीतूंगा।

# 4 से राजा मांधवानी को टिकट देने पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 के कांग्रेस प्रत्याशी राजा मांधवानी का विरोध तेज हो गया है। बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने गांधी भवन पहुंचकर प्रदर्शन किया।**

उल्लेखनीय है कि कांग्रस द्वारा विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को घोषित की गई पहली सूची घोषित की थी। इसमें इंदौर के छह चयन प्रत्याशियों में इंदौर के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 से राजा मांधवानी का नाम शामिल है। इसे लेकर अब विरोध तेज हो गया है। बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने गांधी भवन पहुंचकर पर प्रदर्शन किया। इन प्रदर्शनकारियों को शहर कांग्रेस कार्यालय में नहीं घुसने दिया गया। इन प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस कार्यालय के नीचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ का पुतला जलाया। यह सभी प्रदर्शनकारी इंदौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 से कांग्रेस नेता अक्षय कांति बम को टिकट दिए जाने की मांग कर रहे थे। कांग्रेस नेता अक्षय कांति बम के समर्थकों ने सड़क जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ दिया। अब इन प्रदर्शनकारियों की शिकायत आलाकमान से की जाएगी और उनके खिलाफ अनुशासनहीनता की कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है।



# शहर में कांग्रेस को अपनों से खतरा

## ◆ सोशल पर कांग्रेस की दूसरी फर्जी सूची जारी होने से मची खलबली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। नवरात्रि का रंग जैसे-जैसे परवान चढ़ रहा है वैसे ही अब चुनावी रंग भी सीर चढ़ने लगा है। कांग्रेस ने जहां उत्तर क्षेत्र का प्रत्याशी घोषित करने में बाजी मारी तो भाजपा ने दक्षिण का उम्मीदवार घोषित कर दिया। जिसके चलते जहां उत्तर विधानसभा सीट पर भाजपा के समीकरण बिगड़ गये है वही दक्षिण में कांग्रेस वशिष्ठ और यादव में उलझ गयी है। इधर सोशल मीडिया पर सोमवार को कांग्रेस एक ओर फर्जी सूची जारी हुई। 9 उम्मीदवारो की इस सूची में दक्षिण से चेतन यादव को उम्मीदवार बताया गया। जिससे खलबली मच गयी।**

उत्तर क्षेत्र में कांग्रेस ने माया त्रिवेदी को उम्मीदवार बनाया है। जिसके चलते कांग्रेसी की ओर से टिकट दावेदारो ने माया त्रिवेदी के पुतले दहन कर दिए। वैसे भी शहर में कांग्रेस का इतिहास रहा है कि यहां कांग्रेसी ही कांग्रेस को हराते आए है। पूर्व के विधानसभा चुनाव में माया त्रिवेदी भी पार्टी के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ी थी वही अब विक्की यादव, अंटू मीणा, रवि राय जैसे दिग्गज है। अगर यहां कांग्रेस एक होती है तो माया त्रिवेदी भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकती है। नगर निगम में भी रवि राय और माया त्रिवेदी एक दूसरे के खिलाफ विपक्ष के नेता बनने के लिए लड़े थे। विक्की यादव दिल्ली के लौटकर आ गये है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रवि भदौरिया का कहना है कि वरिष्ठ नेताओ को बैठाकर कांग्रेस को एकजुट किया जायेगा। इधर उत्तर से भाजपा पारस जैन के पक्ष में नही है। यहां से भाजपा अब ब्राम्हण के पक्ष में दिखाई दे रही है वही सोनू गेहलोत, अनिल जैन कालुहेडा भी दावेदार है। पारस जैन ने भी अपने दावेदारी अभी तक नही छोड़ी है। अब देखना है कि उत्तर से भाजपा किसे उतारती है। इधर सोशल मीडिया पर सोमवार को कांग्रेस की एक ओर फर्जी सूची जारी हुई है। जिसमें दक्षिण विधि सीट से चेतन यादव को उम्मीदवार बताया गया। जिसके चलते खलबली मच गयी। कांग्रेस कार्यकर्ता मीडिया से सूची के संबंध में पुछताछ करते रहे।

### विक्की पर पुष्पवर्षा, माया का पुतला फूंका

उज्जैन उत्तर विधानसभा के प्रबल दावेदार विवेक यादव दिल्ली से उज्जैन सोमवार सुबह लौट आए। यहां सैकड़ो समर्थकों ने नारे लगाकर स्वागत किया। एक ओर जहां विक्की यादव पर पुष्पवर्षा की वहीं दूसरी ओर रैली के रूप में देवासगेट पहुंचकर माया त्रिवेदी का पुतला फूंक डाला।

## भाजपा नेता गौतम सिंह पटेल कांग्रेस में शामिल

### ◆ पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से ली सदस्यता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले की गाडरवारा विधानसभा से भाजपा नेता और भाजपा से पूर्व प्रत्याशी रहे गौतम सिंह पटेल ने रविवार को अपनी प्राथमिक सदस्यता से भारतीय जनता पार्टी को इस्तीफा दिया और सोमवार को ही भोपाल पहुंचकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के समक्ष हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ले ली है। भाजपा के पूर्व विधायक रहे गोविंद सिंह के बेटे गौतम सिंह पटेल ने भाजपा को सौंपे इस्तीफे में लिखा था कि - गाडरवारा विधानसभा में क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं की उपेक्षा से आहत होकर मैं गौतम सिंह पटेल पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अपना त्यागपत्र देता हूं। गाडरवारा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को लगातार उपेक्षित करते हुए हमेशा भेदभाव करना और संगठन की ओर से अपने मनमाने निर्णय थोपने से सभी निराश है। कृपया मेरा त्यागपत्र स्वीकार कर मुझे सभी जिम्मेदारियों से मुक्त करें।

# सीएम शिवराज के सामने उतरे 'हनुमान' का विरोध

### टिकट कटा तो फफक पड़े पूर्व विधायक यादवेंद्र, बोले- कमलनाथ को मजा चखाऊंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। विधानसभा चुनाव के लिए 144 उम्मीदवार घोषित करने के बाद कांग्रेस को कुछ जगह अपने कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। 13 सीट- दतिया, नागौद, इंदौर-4, खरगापुर, महाराजपुर, नरयावली, सुवासरा, उज्जैन उत्तर, ग्वालियर ग्रामीण, धरमपुरी, आलोट, बिजावर और बुधनी में कांग्रेस प्रत्याशियों के कार्यकर्ता विरोध कर रहे हैं।**

बुधनी में सीएम शिवराज सिंह के खिलाफ मैदान में उतारे गए विक्रम मस्ताल का भी विरोध हो रहा है। सतना जिले की नागौद सीट से 2013 में कांग्रेस विधायक रहे यादवेंद्र सिंह ने टिकट कटने के कुछ ही घंटे बाद भोपाल में बसपा जॉइन कर ली। वे अपनी पीड़ा बताते हुए फफक कर रो पड़े।

यादवेंद्र सिंह ने कहा, 'ब्योहारी में राहुल गांधी की सभा हुई थी। इसमें अजय सिंह (राहुल भैया) ने कहा था कि यदि प्रत्याशियों का चयन अच्छा हुआ तो संभाग की 30 में से 24 सीटें आएंगी। हम उनके और कांग्रेस के राइट हैंड थे। हमारे साथ इस तरह हुआ तो मैं अगल-बगल में देखूंगा। ये तो नहीं कहता कि कितनी सीटों पर नुकसान करूंगा। मगर, जिले में कमलनाथ को मजा चखाऊंगा।'

उन्होंने आगे कहा, 'मैंने इस्तीफा इसलिए दिया, क्योंकि कोई पूछने वाला नहीं है। कमलनाथ को इतना मद हो गया कि टिकट बंटने के छह से आठ घंटे हो गए, मैं इंतजार कर रहा था। मुझसे कह दिया था कि आप तैयारी करो। दिग्विजय सिंह ने कहा था कि आप दिल्ली और भोपाल क्यों आए हो, आप क्षेत्र में काम करो। मैं लगातार सेवा करता चला आ रहा था। मेरे साथ ऐसा हुआ। मैंने टिकट बंटने के बाद सबको फोन किया, लेकिन किसी ने नहीं उठाया।'

## बुधनी के कार्यकर्ता बोले- मस्ताल के लिए काम नहीं करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुधनी।** (सीहोर) से कांग्रेस ने टीवी एक्टर विक्रम मस्ताल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। यहां से भाजपा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रत्याशी बनाया है। बुधनी से भोपाल आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कमलनाथ के सामने विरोध जताया। उन्होंने कहा कि मस्ताल को कोई नहीं जानता। वे मस्ताल के लिए काम नहीं करेंगे।

कमलनाथ बोले- सभी को टिकट नहीं दे सकते कार्यकर्ताओं की नाराजगी के सवाल पर कमलनाथ ने कहा, '4 हजार लोगों ने दावेदारी की थी। सभी को टिकट नहीं मिल सकता। कुछ तो निराश होंगे ही। लेकिन, मुझे विश्वास है कि वे अंत में कांग्रेस का साथ देंगे। भाजपा अपनी चिंता करे, हमारी चिंता न करे।' कमलनाथ ने कहा- बुधनी विधानसभा क्षेत्र में कलाकर वर्सेज कलाकार का मुकाबला है। इनकी डिबेट करानी चाहिए। पता चल जाएगा कि कौन बड़ा कलाकार है? एक्टिंग में शिवराज जी हमारे विक्रम मस्ताल को हरा देंगे।

## रतलाम में रेलवे कर्मचारी पर झपटा तेंदुआ

### ◆ दो दिन से शहरी इलाके में मूवमेंट, कुत्ते का शिकार किया; ड्रोन से सर्च

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** शहर में दूसरे दिन भी तेंदुए की मूवमेंट से दहशत है। रेलवे कॉलोनी के बाद तेंदुए को सोमवार सुबह शिमला कॉलोनी और इंडस्ट्रियल एरिया में देखा गया। वन विभाग की टीमें इन इलाकों में लगातार सर्च कर रही हैं। ड्रोन के जरिए तेंदुए की लोकेशन पता करने की कोशिश की जा रही है। विभाग की ट्रेंकुलाइज एक्सपर्ट टीम भी उज्जैन और इंदौर से रतलाम पहुंच चुकी है।

इससे पहले रात में भी टीम ने रेलवे कॉलोनी और आसपास के एरिया में तेंदुए की सर्चिंग की। इस बीच तेंदुए ने एक कुत्ते का शिकार किया। रेलवे कर्मचारी को झपट्टा मारकर घायल भी कर दिया। माना जा रहा है कि तेंदुआ सैलाना-बाजना क्षेत्र से लगे जंगलों से भटककर शहर में आ गया है।

वन विभाग ने क्षेत्रवासियों को अलर्ट किया है। छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखने, घरों के अंदर ही रहने को कहा गया है। रोड नं. 8, 10 और 12 के रहवासियों से रात में घरों से बाहर न निकलने की अपील की गई है। तेंदुआ सबसे पहले रविवार शाम 4 बजे के आसपास रेलवे कॉलोनी और रिटायर्ड कॉलोनी के बीच देखा गया था। बड़ी संख्या में लोग उसे देखने के लिए जमा हो गए थे। वह कभी लोगों के घरों में तो कभी मैदान में उछल-कूद करने लगा। वन विभाग को सूचना दी गई।

### रेलवे कर्मचारी को अस्पताल ले जाना पड़ा

रेलवे कॉलोनी में सतीश मीणा पर तेंदुए ने हमला कर दिया। वे बदहवास हो गए, कुछ देर बाद होश आ सका। सतीश ने बताया कि वे तेंदुए को देखने की कोशिश कर रहे थे, तभी अचानक वह सामने आ गया और झपट्टा मार दिया। कमर पर पंजे के निशान लगे। सतीश को रेलवे अस्पताल ले जाया गया।

# इंदौर के व्यापारी से दो करोड़ रुपए का गोल्ड बरामद

### जबलपुर पुलिस ने इनकम टैक्स और इलेक्शन टीम को दी जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** पुलिस ने संदेह के आधार पर एक युवक को अभिरक्षा में लेकर जब उसके सामान की तलाशी ली तो उसके बैग में करीब साढ़े तीन किलो सोने के जेवर मिले हैं। युवक का नाम सौरभ जैन है। वह इंदौर का रहने वाला है और अपने आप को सर्राफा व्यापारी बता रहा है।

व्यापारी के पास से पुलिस को किसी भी तरह के दस्तावेज नहीं मिले हैं। गढ़ा पुलिस ने निर्वाचन विभाग की टीम सहित इनकम टैक्स को भी इस पूरे मामले की जानकारी दी है।

जबलपुर एसपी आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर जबलपुर पुलिस रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, बस स्टैंड सहित बाईपास में 24 घंटे तैनात रहती है। इसी दौरान रविवार की रात करीब 12 बजे मेडिकल के



पास ऑटो से आ रहे एक युवक को रोक गया तो उसकी हरकते संदिग्ध लगी। पुलिस ने जब युवक को आटो से नीचे उतारा और तलाशी ली तो उसके बैग में 3 किलो से अधिक सोने के जेवरात मिले। जेवरात की कीमत 2 करोड रुपए से अधिक की बताई जा रही है। पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि वह मूलतः इंदौर का रहने वाला है और सर्राफा व्यापारी है। सौरभ जैन ने बताया कि वह अक्सर जबलपुर आता है और यहां पर व्यापारियों को सोने की जेवरात बेचा करता है। हालांकि पुलिस के पूछने पर उसके पास जेवरात के कोई वेद दस्तावेज नहीं मिले हैं। सर्राफा व्यापारी सौरभ जैन ने बताया कि वह इंदौर से जबलपुर तक बस से आया था, और फिर बाईपास से ऑटो लेकर जबलपुर शहर तरफ आ रहा था इस दौरान पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

करोड़ों रुपए के सोने के जप्त होने के बाद गढ़ा थाना पुलिस ने निर्वाचन विभाग और इनकम टैक्स डिपार्मेंट को भी जानकारी दी जिसके बाद मौके पर तहसीलदार सहित आयकर विभाग के अधिकारी जेवरात की तौल करने में जुट गए हैं। गढ़ा थाने में चल रही कार्रवाई के दौरान सराफा व्यापारी सौरभ जैन से मिले करोड़ों रुपए के जेवरात को इनकम टैक्स ने अपनी कस्टडी में रख लिया है। पुलिस अब सौरभ जैन को अभिरक्षा में लेकर यह भी जानकारी जुटा रही है कि उसने करोड़ों रुपए की जेवरात कहां से लाए थे और जबलपुर में किसको बेचने आया हुआ था। दस्तावेज न होने के चलते यह करोड़ों रुपए की जेवरात संदिग्ध बताए जा रहे हैं। गढ़ा पुलिस ने सर्राफा व्यापारी सौरभ जैन के परिवार वालों को इंदौर में सूचना दे दी है।

Uttarpradesh

# मेरठ की साबुन फैक्ट्री में जोरदार धमाका, बिल्डिंग जमींदोज, 4 लोगों की दर्दनाक मौत

**मेरठ, (एजेंसी) यूपी के मेरठ में आज सुबह साबुन बनाने की फैक्ट्री में जबरदस्त धमाका हो गया. धमाका इतना जोरदार था कि पूरी बिल्डिंग जमींदोज हो गई. इस दौरान फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूर मलबे में दब गए. हादसे में चार लोगों की मौत हो चुकी है. जबकि कई लोग घायल हुए हैं. घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है. मौके पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स और रेस्क्यू टीम मौजूद है.**

बता दें कि पूरा मामला मेरठ के लोहियानगर क्षेत्र का है. जहां रिहायशी इलाके में साबुन फैक्ट्री संचालित हो रही थी. आज तड़के जिस बिल्डिंग में फैक्ट्री संचालित हो रही थी उसमें विस्फोट हो गया. जिसके चलते पूरी बिल्डिंग जमींदोज हो गई. हादसे के बाद इलाक़े में हड़कंप मच गया. धमाके के जद में आकर आस-पास के कुछ मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं.



बिल्डिंग के गिरते ही चीख-पुकार मच गई. फैक्ट्री में काम कर रहे कई मजदूर मलबे में दब गए. सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची. रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया. मलबे से करीब दर्जन भर लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया. जहां अब तक चार लोगों को मृत घोषित किया जा चुका है. जबकि कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है. फिलहाल, घायलों का इलाज चल रहा है.

अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में बिल्डिंग में साबुन बनाने की मशीनें और साबुन स्टॉक आदि के रखे होने की बात सामने आई है. लेकिन स्थानीय लोग आशंका जता रहे हैं कि यहां साबुन फैक्ट्री के आड़ में पटाखा बनाने का काम चल रहा था. फ़िलहाल, जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं. जांच के बाद ही पूरी सच्चाई सामने आएगी. डीएम ने साफ तौर पर पटाखा फैक्ट्री होने की बात से इनकार किया है.

Uttarpradesh

## गोली मारने वाले को 25 करोड़ दूंगा, स्वामी प्रसाद मौर्य पर भड़के जगतगुरु परमहंस ने दिया विवादित बयान

**अयोध्या, (एजेंसी) धर्मनगरी अयोध्या में अक्सर चर्चा में रहने वाले जगतगुरु परमहंस आचार्य ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर भड़के परमहंस आचार्य ने कहा कि जो उन्हें गोली मारेगा उसे 25 करोड़ का इनाम देंगे।**

परमहंस आचार्य ने कहा, 'स्वामी प्रसाद मौर्य को जो गोली मारेगा उसको 25 करोड़ का इनाम दूंगा। पैसे उसके घर भिजवा दूंगा। उसकी विधिक सहायता भी करुंगा। इसने सभी हदें पार कर दी हैं। अब इसको कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' परमहंस आचार्य (तपस्वी छावनी) यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा, 'इसके बावजूद अगर इसको किसी ने गोली नहीं मारी तो जरूरत पड़ने पर मैं स्वयं गोली मारूंगा। मैंने देश का विभाजन करने वाले मोहम्मद अली जिन्ना और स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला जलाया।'

परमहंस आचार्य ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने देश के विभाजन का जिम्मेदार जिन्ना की बजाए हिंदू महासभा और वीर सावरकर को बताया है इसलिए अयोध्या से आज इनाम की घोषणा करता हूं कि स्वामी प्रसाद मौर्य को जो गोली मारेगा उसको 25 करोड़ का इनाम दूंगा।

Punjab

## पूर्व कांग्रेस विधायक कुलबीर जीरा गिरफ्तार, फिरोजपुर पुलिस ने तड़के पांच बजे घर से उठाया

**अमृतसर, (एजेंसी) पंजाब के फिरोजपुर के जीरा हलके से कांग्रेस के पूर्व विधायक कुलबीर सिंह जीरा को मंगलवार सुबह पांच बजे के करीब पुलिस ने घर से गिरफ्तार कर लिया है। जीरा ने घोषणा की थी और सभी पत्रकारों को निमंत्रण दिया था कि वह फिरोजपुर में दोपहर 12 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुलिस को गिरफ्तारी देंगे।**

उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक कुलबीर जीरा ने कुछ दिन पहले बीडीपीओ जीरा दफ्तर के समक्ष सरपंचों की मांगों को लेकर धरना दिया था। बीडीपीओ जीरा का आरोप है कि कुलबीर सिंह अपने साथियों के साथ उनके दफ्तर के अंदर घुसे थे और सभी कमरों पर कब्जा कर लिया था। साथ ही वहां रखे सरकारी दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ भी की थी।

Uttarakhand

## ऊंचाई वाले इलाकों में आज भी बर्फबारी के आसार, बारिश का येलो अलर्ट जारी



देहरादून, (एजेंसी) उत्तराखंड में दूसरे दिन भी मौसम बदला हुआ रहेगा। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के 3500 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने के आसार हैं। अन्य सभी जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि कल यानी बुधवार से अगले कुछ दिन राहत मिलने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से पर्वतीय समेत मैदानी इलाकों में 17 अक्तूबर को बिजली चमकने और हवा चलने के साथ बर्फबारी व बारिश होने की संभावना जताई है। पर्वतीय इलाकों में बारिश होने से ठंड बढ़ने के साथ मैदानी इलाकों में भी तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। जबकि 18 से 20 अक्तूबर तक प्रदेश भर का मौसम शुष्क रहने के आसार हैं।

खेल

# 128 साल बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी, टी20 प्रारूप में खेले जाएंगे मुकाबले

**मुंबई।** क्रिकेट को 128 साल बाद ओलंपिक में शामिल किए जाने के फैसले पर मुहर लग चुकी है। 2028 के लॉस एंजिलस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी द्वारा क्रिकेट को लॉस एंजिलस ओलंपिक में शामिल करने पर मुहर लगा दी गई है। आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख के नेतृत्व में सोमवार को मुंबई में हुई बैठक में इस पर अंतिम फैसला किया गया। क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था। यानी 128 साल बाद इसकी ओलंपिक में वापसी होगी।



आईओसी के कार्यकारी बोर्ड के अधिकारियों की बैठक में क्रिकेट समेत पांच खेलों को शामिल करने के फैसले पर मुहर लगाई गई। इनमें क्रिकेट के अलावा बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वैश और लेक्रोस समेत पांच नए खेलों को शामिल करने लॉस एंजिलस आयोजकों के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। इसको लेकर प्रस्ताव पहले ही पास हो चुका था। हालांकि, सभी नए खेलों को 2028 खेलों में जगह सुनिश्चित करने के लिए आईओसी सदस्यता द्वारा मत हासिल करने की आवश्यकता थी। सोमवार को आधिकारिक रूप से पांचों नए खेलों को शामिल कर लिया गया। लॉस एंजिलिस-28 आयोजन समिति द्वारा पांच खेलों को शामिल करने के प्रस्ताव का आईओसी के 99 सदस्यों में से मतदान करने वाले केवल दो सदस्यों ने विरोध किया।

आईओसी ने ट्वीट कर दी जानकारी

आईओसी मीडिया ने एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की। उन्होंने लिखा- लॉस एंजिलस ओलंपिक में पांच नए खेलों को शामिल करने के आयोजन समिति के प्रस्ताव को आईओसी सत्र द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। साथ ही आईओसी ने क्रिकेट के आगे टी20 लिखा, यानी क्रिकेट के मुकाबले टी20 फॉर्मेट में खेले जाएंगे। इनमें पुरुष और महिला क्रिकेट के मुकाबले शामिल होंगे।

इससे पहले 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भी क्रिकेट की वापसी हुई थी, लेकिन उसमें सिर्फ महिलाओं का टी20 मुकाबला खेला गया था। भारतीय महिला टीम ने उसमें रजत पदक जीता था। वहीं, इस साल हांगझोऊ एशियाई खेलों में भी क्रिकेट को शामिल किया गया था। पुरुष और महिला दोनों वर्गों के टी20 मुकाबले खेले गए थे। एशियाड में भारत ने महिला और पुरुष दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते थे।

1900 में पिछली बार ओलंपिक में खेला गया था क्रिकेट

क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था, जहां इंग्लैंड और फ्रांस स्वर्ण पदक के लिए भिड़े थे। हालांकि, लंबे समय से क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने की कोशिशें चल रही थीं और अब जाकर यह सफल हो पाया है। दरअसल, आईओसी क्रिकेट की

सिनेमा

## 'टाइगर' 3 : परिवार-देश किसे बचाएगा टाइगर? सलमान पर भारी कटरीना का तूफानी एक्शन



'पठान', 'जवान' के बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ाने के बाद वक्त आ गया है 'टाइगर' के आने का. 16 अक्टूबर का दिन भाईजान के फैंस के लिए बड़ी सौगात लेकर आया है. क्योंकि सलमान खान की मचअवेटेड फिल्म टाइगर 3 का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है. एक्शन, ड्रामा, थ्रिल और रोमांस के तड़के से भरपूर टाइगर 3 से सलमान खान धूम मचाने को तैयार हैं.

टाइगर 3 के ट्रेलर ने आते ही तहलका मचा दिया है. सलमान का एक्शन अवतार देख फैंस इंप्रेस्ड हो गए हैं. अविनाश सिंह राठौर और जोया की फिल्म में इस बार विलेन होंगे बॉलीवुड के सीरियल Kisser इमरान हाशमी. ट्रेलर से इमरान का फर्स्ट लुक सामने आया है. विलेन के अवतार में सलमान खान से पंगा लेते हुए उन्हें देखना फैंस के लिए ट्रीट होने वाली है. सोशल मीडिया पर मूवी के ट्रेलर को लोगों का पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है.

2 मिनट 51 सेकंड के ट्रेलर में सलमान का तूफानी एक्शन दिखा. कटरीना के एक्शन सीन्स इंप्रेसिव हैं. इस बार टाइगर के देश और परिवार पर खतरा है. टाइगर यानी अविनाश राठौर को हराने के लिए उसके नए दुश्मन (इमरान हाशमी) ने शातिर चाल चली है, टाइगर को गद्दार करार दिया गया है.

## संपादकीय

### बेकाबू न हो हालात

हमास के आतंकी हमले के बाद इस्राइल ने बाकायदा जंग का एलान कर दिया है और गाजा पर जल, थल, वायु- तीनों रास्तों से भीषण हमले की तैयारी कर रहा है। हालांकि, जवाबी कार्रवाई तो उसने हमले के दिन से ही शुरू कर दी थी। इस बीच अंतरराष्ट्रीय हलकों में इस्राइली हमले के संभावित नतीजों को लेकर चिंता की लकीरें गहरी होती दिखने लगी हैं। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतरेस ने हमास और इस्राइल दोनों के नाम अपीलें जारी की हैं। उन्होंने हमास से कहा है कि वह सभी बंधकों को फौरन बिना शर्त रिहा कर दे और इस्राइल से अनुरोध किया है कि वह गाजा पट्टी तक मानवीय सहायता की अबाधित पहुंच सुनिश्चित करे। उनकी अपीलों का कितना असर होता है, यह देखना बाकी है लेकिन सबकी असल चिंता इस्राइल की संभावित कार्रवाई को लेकर है। ध्यान रहे, आतंकी हमला होने के बाद लगभग पूरी दुनिया ने हमास के कृत्य की निंदा की थी और आतंकवाद के खिलाफ मुहिम में एक स्वर से इस्राइल को समर्थन दिया था। लेकिन इस्राइल जिस तरह के कदमों की तैयारी कर रहा है, उसमें आशंका है कि हमास और आम फलस्तीनी आबादी का फर्क कहीं मिट न जाए। यही वजह है कि पीएम नरेंद्र मोदी के ट्वीट के जरिए आतंकवाद के सवाल पर इस्राइल को पूरा समर्थन देने के बाद जब विदेश मंत्रालय ने अपनी प्रतिक्रिया जताई तो उसमें एक स्वतंत्र और संप्रभु फलस्तीन बनाने की दिशा में बातचीत की भी जरूरत बताई गई। यही नहीं आतंकी हमले के बाद से ही इस्राइल की जवाबी कार्रवाई को उसका अधिकार बताने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के स्वर भी कुछ बदले दिख रहे हैं। उन्होंने जहां यह भरोसा जताया है कि इस्राइल युद्ध संबंधी नियमों का पालन करेगा वहीं यह चेतावनी भी दी है कि गाजा पर इस्राइल का दोबारा कब्जा हुआ तो वह बड़ी भूल होगी। साफ है कि अंतरराष्ट्रीय बिरादरी की ओर से परोक्ष तौर पर ही सही लेकिन इस्राइल के लिए लक्ष्मण रेखा खींची जा रही है। यह जरूरी इसलिए भी है कि कार्रवाई एक बार शुरू हो गई तो वह कितना लंबा चलेगी और उसमें किसका कितना नुकसान होगा इस बारे में अभी सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। इससे भी बड़ी बात यह कि इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सबसे बड़ा डर है कि इसका असर अन्य क्षेत्रों में न फैले।

**Quote...**

"Whoever is happy will make others happy too."

-Anne Frank

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**एवरेस्ट को पाने के लिए स्पर्धा चाहिए... कैलाश को पाने के लिए श्रद्धा चाहिए....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## Health is Wealth

### डायबिटीज रोगियों के लिए वरदान है

# मंडूकासन

## इस तरह करने से कंट्रोल रहेगा शुगर लेवल



योग का नियमित अभ्यास न सिर्फ व्यक्ति को शारीरिक, बल्कि मानसिक रूप से भी सेहतमंद बनाए रखने में मदद करता है। योग की मदद से व्यक्ति ब्लडप्रेशर से लेकर डायबिटीज जैसे रोगों को भी आसानी से कंट्रोल कर सकता है। अगर आप डायबिटीज जैसे मेटाबॉलिक डिसॉर्डर से परेशान हैं तो उसे कंट्रोल करने के लिए मंडूकासन की मदद ले सकते हैं। डायबिटीज की वजह से व्यक्ति का शरीर या तो पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन नहीं करता है या उसे इसका ठीक से उपयोग करने में दिक्कत होती है। नतीजतन शरीर में इंसुलिन की कमी से शुगर का स्तर बढ़ने लगता है जो किडनी, स्किन, हृदय, आंखों को प्रभावित करता है।

मंडूकासन को अंग्रेजी में फ्रॉग पोज भी कहा जाता है। इस आसान को करते समय साधक मेंढक जैसी मुद्रा में रहता है। मंडूकासन करने से व्यक्ति की न सिर्फ पेट की मांसपेशियां मजबूत बनती हैं, बल्कि पाचन संबंधी समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है। वेट लॉस में भी यह आसान बेहद फायदेमंद माना जाता है। ऐसे में मंडूकासन के फायदे लेने के लिए आइए जान लेते हैं क्या है इस आसन को करने का सही तरीका।

### मंडूकासन करने का सही तरीका

मंडूकासन करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर व्रजासन में बैठ जाएं। इसके बाद अपने दोनों हाथों की मुट्ठी बंद करके उन्हें पेट की नाभि के आसपास लगा लें। अब गहरी सांस लेते हुए शरीर को नीचे की ओर झुकाएं। इस पोजीशन में कुछ देर रूके। थोड़ी देर ऐसा करने के बाद सांस लेते हुए अपनी पहली अवस्था में वापस आ जाएं। इस प्रक्रिया को रोजाना 4-5 बार दोहराएं।

### मंडूकासन करने के फायदे

1. मंडूकासन करने से पेट की मांसपेशियां टोन होने के साथ बैली फैट को कम करने में मदद मिलती है।
2. मंडूकासन के नियमित अभ्यास से गैस, कब्ज और अपच जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलता है।
3. मंडूकासन डायबिटीज रोगियों के लिए भी बेहद फायदेमंद है। इसका नियमित अभ्यास करने से शरीर में इंसुलिन उत्पादन ठीक ढंग से होता है और ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।
4. मंडूकासन करने से महिलाओं को पीरियड्स के दर्द और ऐंठन की समस्या में राहत मिल सकती है।

## Highlights

1. No flight operations at Mumbai airport for 6 hrs today
2. Rainfall in parts of Delhi brings max temperature down to 30.5°C
3. Delhi seeks to become 'sister city' with Australia's Brisbane
4. 4 killed as truck catches fire in Pune; 2 escape with injuries
5. Vikram lander happily sleeping on Moon, it did its job well: ISRO
6. Hour-long traffic blocks on Mumbai-Pune Expressway from today

# Ambani's youngest son, Anant, faces proxy firms' pushback on board seat: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Institutional Shareholder Services Inc., an international proxy advisory firm, has recommended that shareholders vote against the proposal to appoint billionaire Mukesh Ambani's youngest son, Anant Ambani, on the board of the family-controlled Reliance Industries Ltd., underscoring concerns around succession planning at India's largest company by market value.

"A vote against this resolution is warranted as Anant Ambani's limited leadership/board experience of around six years, raises concerns on his potential contribution to the board," ISS said in an Oct. 12 note, which it shared with Bloomberg. It has backed the board appointments of his elder siblings, Isha and Akash Ambani, in the shareholder vote that will close on Oct. 26.

We're now on WhatsApp. Click to join.

ISS's objections echo the recommendations from Mumbai-based Institutional Investor Advisory Services, or IIAS, which said in an Oct. 9 report, that "at 28 years of age," appointment of the young Ambani scion "does not align with our voting guidelines." IIAS has supported the proposals seeking to elect Isha and Akash.



Reliance did not respond to Bloomberg's queries but told the proxy companies that Anant has "the relevant experience and maturity to add value to the board deliberations" given his participation in the conglomerate's businesses and the grooming he has received from senior leadership over the years. Both ISS and IIAS added Reliance's response to their reports.

Another international proxy firm, Glass Lewis, is in favor of Anant's appointment. "We do not single out Anant Ambani from the other siblings based on experience," Decky Windarto, Glass Lewis's director of Asia-Pacific Research, said in an emailed response. "We noted that the other two directors up for election are just three years older than Anant, with similar professional experiences."

While the induction of Anant and his elder, twin siblings as non-executive, non-independent directors, is critical to the succession plan announced by Asia's richest person, the counterpoints from proxy advisories show that Ambani and the "next-generation" leaders at $190 billion group will continue to be in focus for corporate governance watchers.

Evolving Expectations

The recommendations from ISS and IIAS also point to the evolving investor expectations from a conglomerate that now counts Google and Meta Platforms Inc. among marquee investors in its consumer businesses.

# Rolls-Royce to slash 2,500 jobs as part of cost cutting drive: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Rolls-Royce Holdings is set to axe about 2,500 staff as soon as Tuesday as part of a cost-cutting drive by its new chief executive, Sky News reported on Monday.

The job cuts will be distributed across the engine maker's global operations and are likely to affect hundreds of UK staff, the report said citing people familiar with the matter.



We're now on WhatsApp. Click to join.

Rolls-Royce did not immediately respond to a request for comment.

The blue-chip company has experienced a strong recovery under Tufan Erginbilgic, who took over as CEO last January and has since said the firm's cost base was being "tightly managed" to offset inflationary cost pressures.

In May, Rolls-Royce said it had made no decisions regarding changes to its workforce, in response to a Sunday Times report that it was expected to cut about 3,000 non-manufacturing staff.

### त्यौहार को देखते हुए पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

# अनजान व्यक्ति को ओटीपी और खाता नंबर नहीं बताएं

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। त्यौहारी सीजन शुरू होते ही ठगोरे सक्रिय हो जाते हैं। ठगोरे लोगों को झांसे में लेने कई तरह के प्रलोभन देते हैं, जिसमें आने से लोगों को आर्थिक नुकसान होता है। इसे देखते हुए क्राइम ब्रांच ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें अनजान व्यक्तिक को खाता नंबर और ओटीपी नहीं देने की अपील की है। एडवाइजरी में कहा है कि त्यौहारों पर फर्जी शापिंग वेबसाइट और मोबाइल एप्लीकेशन द्वारा दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं पर आफर के नाम पर ठगों द्वारा विभिन्न प्रकार से लोगों के साथ आनलाइन ठगी की जा रही है। सोशल मीडिया और वेबसाइट के माध्यम से विग्यापन प्रसारित करके लुभावने आफर जैसे डिस्काउंट आफर, कैशबैक आफर, बाय वन गेट वन आदि के नाम पर आवश्यक वस्तुओं की होम डिलीवरी कराने के आश्वासन दिया जाता है। लोगों को शापिंग के लिए लिंक और मोबाइल पर मैसेज, कॉल के माध्यम से बैंक डिटेल, ओटीपी नंबर, वेरीफिकेशन कोड प्राप्त कर लिया जाता है। कई बार बैंक खाते में रुपए जमा करवा लिए जाते हैं। ठगोरों खुद को रिश्तेदार, दोस्त भी बताते हैं। खुद बैंक में पैसे डालकर लोगों से खाता नंबर हासिल करने के बाद उनके पैसे निकाल लेते हैं। कमोबेश रोजाना इस तरह की शिकायत क्राइम ब्रांच और पुलिस को मिल रही है। इसे देखते हुए क्राइम ब्रांच आमजन से अपील करता है कि किसी के प्रलोभन में आकर वस्तुओं की होम डिलीवरी न कराएं। ऐसे में धोखाधड़ी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# कार खड़ी करने की बात पर लैब कर्मचारियों ने व्यापारी को पीटा

**◆बच्चों से अभद्रता, अन्नपूर्णा थाने में केस दर्ज**

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। घर के सामने कार खड़ी हटाने को लेकर पैथालाजी लैब के कर्मचारी और व्यापारी के बीच विवाद हो गया। विवाद के चलते लैब कर्मचारियों ने व्यापारी के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने आई व्यापीर की पत्नी और बच्चों के साथ अभद्रता की गई। मामले में अन्नपूर्णा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि घटना रविवार शाम 6 बजे के आसपास की है। घटना भवानीपुर कॉलोनी के रहने वाले कपड़ा व्यापारी की है। उसके घर के सामने पैथोलॉजी लैब चलती है। घटना वाले दिन लैब कर्मचारी राहुल सिसोदिया, आनंद और अन्य साथियों ने व्यापारी के घर के सामने मेनगेट पर कार खड़ी कर दी, जिस पर व्यापारी जितेंद्र भाटिया की पत्नी ने घर के सामने कार हटाने को लेकर राहुल से बात की। इसी दौरान दोनों में तू-तू, मैं-मैं हो गई। तैश में आकर लैब कर्मचारी राहुल ने व्यापारी की पत्नी सीमा से गाली-गलौज कर धक्का मुक्की कर दी। इस पर व्यापारी भी बाहर आया और राहुल को समझाने लगा। विवाद बढ़ता देख राहुल के साथी भी बाहर आए और कहासुनी करने लगे। व्यापारी पर कर्मचारियों द्वारा हमले की भी बात सामने आ रही है। पुलिस ने बताया कि आएदिन लैब में आने वाले ग्राहक लोगों के घरों के सामने कार पार्क करते हैं, जिससे विवाद होता है। लैब को अन्यत्र स्थानांतरित करने को लेकर भी कुछ लोगों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

# विवाद के चलते फाइनेंस कंपनी के एक्जीक्यूटिव से मारपीट

**◆बाप-बेटे और साथी पर केस दर्ज, मंदिर जाते समय हुई घटना**

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। मंदिर जाते समय विवाद के चलते बाप-बेटे और उसके साथी ने फायनेंस कंपनी के एक्जीक्यूटिव के साथ लाठी डंडे से मारपीट की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और फरियादी की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। घटना मल्हारगंज थाना क्षेत्र की है।

पुलिस को फरियादी जितेन्द्र दुबे निवासी कालानी नगर ने बताया कि वे रोजाना मल्हारगंज इलाके के गोवर्धन मंदिर में कई वर्षों से दर्शन करने के लिए जाते हैं। रविवार को मंदिर के समीप मल्हारगंज में रहने वाले कैलाश भावसार, उसका बेटा राम और एक अन्य ने बाइक रोकी और विवाद करने लगा। जब मैंने उनसे विवाद का कारण पूछा तो गालियां देने लगे। इसी दौरान दोनों ने मारपीट की। राहगीरों ने जैसे-तैसे बीच बचाव किया। घटना के बाद फरियादी ने पुलिस को सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी दिए गए। सीसीटीवी फुटेज में फाइनेंस एग्जीक्यूटिव से मारपीट करते हुए तीन व्यक्ति दिखाई दे रहे हैं। पुलिस का कहना था कि दोनों ही पक्षों का व्यक्तिगत मामला है। गत 5 अक्टूबर को इसमें भी दोनों में विवाद हुआ था, जिस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया था।

## सड़क हादसे में बीबीए के छात्र की मौत

**इंदौर**। तेज गति से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार युवक की रौंद दिया। मृतक बीबीए का छात्र है। वह अपने दोस्त के साथ देवगुराड़िया से भंवरकुआ की तरफ आ रहा था, तभी हादसा हो गया। खुड़ैल पुलिस के अनुसार मृतक का नाम अक्षत पिता विवेक निवासी राजेंद्र नगर है। अक्षत अपने दोस्त हर्षित के साथ मोटरसाइकिल से देवगुराडिया ब्रिज की ओर से गुजर रहा था। अक्षत के पिता निजी कंपनी में काम करते हैं, वह उनका इकलौता बेटा था।

# कुख्यात बदमाश से कट्टा लेकर घुमते मिला

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर**। विभिन्न थाना क्षेत्रों के कुख्यात बदमाश को बाणगंगा पुलिस ने लोडेड कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। वह बड़ी वारदात को अंजाम देने की नीयत से घुम रहा था। आरोपी पर हत्या का प्रयास, लूट डकैती की योजना, आगजनी, अवैध वसूली सहित 15 से भी अधिक अपराध दर्ज हैं। बाणगंगा पुलिस को सूचना मिली थी कि बदमाश सचिन उर्फ चीना उर्फ समीर पिता राजेन्द्र ठाकुर निवासी स्कीम नंबर 136 आइडिया मल्टी पानी की टंकी के पास ग्राम कुमेड़ी में वारदात करने घुम रहा है। सूचना पर उसे पकड़कर जेल भेज दिया गया है।

# चाय सुट्टा बार में हुई थी युवती की आरोपी से दोस्ती

**शादी की झांसा देकर कई बार किया दुष्कर्म, कराया गर्भपात**

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। युवती और आरोपी शहर के चाय सुट्टा बार पर मिले, जहां दोनों की दोस्ती हो गई। इसके बाद आरोपी युवक ने नजदीकियां बढ़ाकर युवती से कई बार दुष्कर्म किया, जब युवती गर्भवती हो गई तो दबाव प्रभाव बनाकर गर्भपात करा दिया। मामला चंदननगर थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी इंद्रमणि पटेल ने बताया कि 23 साल की युवती ने इलाके में रहने वाले आसिफ खान पिता आरिफ खान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में कहा कि लंबे समय से आरोपी आसिफ खान शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा था। आरोपी ने उसका गर्भपात भी करवा दिया। इसके बा पीड़िता कई दिनों तक आसिफ से शादी की बात करती रही, लेकिन आसिफ ने बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताते हैं युवक और युवती के बीच दो साल से दोस्ती थी। कई बार वे एक दूसरे के साथ घुमने भी गए थे। आरोपी युवक की अब तक शादी नहीं हुई है।

## चुनाव बाद शहर को मिलेगा स्वच्छता का पुरस्कार

**इंदौर**। विधानसभा चुनाव निपटने के बाद देश में स्वच्छ शहर के लिए पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा। इंदौर नगर निगम को इस बार भी नंबर वन का पुरस्कार मिलने की संभावना है। इंदौर का सर्वे शहरी विकास मंत्रालय की टीम अगस्त माह में पूरा कर चुकी है। टीम के हर बिंदुओं पर निगम खरा उतरा है, इससे यह तय माना जा रहा है कि निगम सातवीं बार नंबर वन का परचम लहराएगा। निगम के एक अधिकारी ने बताया कि आमतौर पर हर साल धुलेंडी के बाद मंत्रालय की टीम देशभर में स्वच्छता सर्वेक्षण करने जुट जाती है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।